हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 21 जुलाई 2026

11 कंडम घोषित पशु अस्पताल की छह एकड़ जमीन पर...



12 छात्र आंदोलन के समर्थन में कई संगठनों ने उपवास ...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933



## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ड्रा कल

**भिवानी।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत वर्ष 2025-26 में कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए सामान्य वर्ग के किसानों हेतु रोटावेटर और लेजर लैंड लेवलर का चयन 22 जुलाई को ऑनलाइन ड्रा से होगा। सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि रोटावेटर के 552 तथा लेजर लैंड लेवलर के 273 लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। ऑनलाइन ड्रा सुबह 10:30 बजे मिनी सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित किया जाएगा।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 22 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिवानी में 22 जुलाई को सुबह नौ बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, वायरमैन, वेल्डर, ड्रेस मेकिंग, फैशन व सिलाई तकनीक सहित विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षित एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। प्राचार्य इंद्रसिंह ने बताया कि टोयोत्सु अंबिका, साटा विकास इंडिया तथा महले आनंद फिल्टर सिस्टम जैसी कंपनियां अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगी।

### अवैध देशी पिस्तौल सहित युवक पकड़ा



**चरखी दादरी।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ ने युवक को अवैध देशी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि टीम समसपुर चौक के पास गश्त कर रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने दादरी-झज्जर रोड स्थित एनएच-152डी फ्लाईओवर के नीचे दबिश देकर युवक को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान अमित उर्फ जाट निवासी कडौदा, जिला झज्जर के रूप में हुई। तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुई। लाइसेंस न मिलने पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 13 परिवाद सुने

# मंत्री ने लापरवाही पर डाकघर के अधीक्षक को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर की अध्यक्षता में पंचायत भवन में जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंत्री श्री नागर ने 13 परिवादों की सुनवाई की, जिनमें 11 परिवादों का मौके पर ही समाधान किया। मंत्री ने मुंढाल खुर्द निवासी ऋषिकेश के डाकघर से आरडी खाते से जुड़े मामले में घोर लापरवाही बरते जाने पर एफआईआर दर्ज करने और जांच पूरी होने तक डाकघर के अधीक्षक को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए।

**नागरिकों को पर्याप्त स्वच्छ पेयजल और निर्बाध रूप से बिजली मिलनी चाहिए: मंत्री राजेश नागर**

साथ ही मामले की जांच पुलिस आर्थिक अपराध शाखा को सौंपने के निर्देश दिए। वहीं मंत्री ने नागरिकों को निर्बाध रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पर्याप्त स्वच्छ पेयजल और निर्बाध रूप से बिजली मिलनी चाहिए। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, डीसी साहिल गुप्ता, प्रवर पुलिस अधीक्षक सुमित, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा मौजूद रहे।



**भिवानी।** जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में अपना परिवाद रखता व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

**11 परिवादों का मंत्री ने मौके पर ही किया समाधान**

### स्टेडियम से गुजर रही बिजली लाइन हटाने के निर्देश

बैठक में खाद्य एवं आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने फैंसी चौक निवासी धर्म सिंह के परिवाद की सुनवाई में मामले की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को त्वरित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। विद्यानगर निवासी मीना व अन्य के मामले में पूर्व में गठित कमेटी की रिपोर्ट सुनने उपरांत एसपी को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्वार फैक्ट्री के पास सेवा नगर निवासी महाबीर के मामले की सुनवाई करते हुए उन्होंने पुलिस की सहायता से पाइप लाइन डालकर पेयजल समस्या के समाधान के निर्देश दिए। न्यू हाउसिंग बोर्ड निवासी धनपत के परिवाद की सुनवाई करते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को ग्रीन बेल्ट की खाली जगह पर पार्क विकसित करने और इससे पहले नप को यहां दो दिन के अंदर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। गांव सूई निवासी दीपक के परिवाद की सुनवाई पर मंत्री ने कष्ट निवारण समिति के दो गैर सरकारी सदस्यों की कमेटी गठित कर जांच रिपोर्ट दिए जाने के निर्देश दिए। गांव हरियावास निवासी पवन कुमार के परिवाद में बिजली निगम को खेल स्टेडियम के अंदर से गुजर रही बिजली लाइन को हटाए जाने के निर्देश दिए। गांव आसलवास दुबिया निवासी अजीत सिंह के परिवाद की सुनवाई करते हुए मंत्री ने खेत में जाने के लिए रास्ता दिलवाकर पक्का करवाए जाने के निर्देश दिए।

### तुरंत मीटर लगाने के निर्देश

भिवानी के वार्ड 25 से पार्षद विनोद कुमार के गंदे पानी की समस्या की सुनवाई करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को दस दिन में समस्या के समाधान के निर्देश दिए। नूनसर जोहड़ भिवानी निवासी पदमावती के परिवाद पर मंत्री ने मामले में गैर सरकारी दो सदस्यीय कमेटी द्वारा जांच कर रिपोर्ट दिए जाने के निर्देश दिए। तालु निवासी विकास के परिवाद की सुनवाई करते हुए मंत्री ने बिजली निगम अधिकारियों को परिवादी के मकान में तुरन्त प्रभाव से मीटर लगाकर बिजली सप्लाई दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएमसी हरबीर सिंह, लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल, सिवानी से एसडीएम विजया मलिक, डीएसी महेश कुमार, सीएमजीजीए रिषव रंजन, उप वन राजिक अधिकारी डॉ. राजेश वत्स, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ रविन्द्र दलाल, डीडीपीओ सोमबीर कादयान आदि मौजूद रहे।

## अधूरे दस्तावेज मिलने पर की कार्रवाई

# 23 ग्रुप डी कर्मचारी हुए नौकरी से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत चयनित ग्रुप-डी कर्मचारियों में से भिवानी जिले में 23 कर्मचारी ऐसे पाए गए हैं, जिनके दस्तावेज पूरे नहीं हैं। दस्तावेजों की जांच किए जाने पर इन कर्मचारियों को मानव संसाधन विभाग द्वारा अपात्र घोषित (यानि दस्तावेज में कमी के कारण) किया गया है और साथ ही उनको उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यभार मुक्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। निदेशक मानव संसाधन विभाग, हरियाणा के आदेशों तथा रोहतक मंडल आयुक्त के पत्र के अनुपालन में डीसी साहिल गुप्ता ने जिला से संबंधित इन सभी 23 ग्रुप डी कर्मचारियों को 17 जुलाई को बाद दोपहर से कार्यभार मुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

डीसी गुप्ता ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि उनके कार्यालयों में यदि विज्ञापन संख्या 01/2023 के अंतर्गत अस्थायी रूप से कार्यरत ऐसे ग्रुप-डी कर्मचारी नियुक्त हैं, जिनके नाम एवं रोल नंबर मानव संसाधन विभाग द्वारा भेजी गई अपात्र अभ्यर्थियों की सूची में शामिल हैं, तो उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए।

उन्होंने बताया कि भिवानी जिले से संबंधित 23 अभ्यर्थियों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यमुक्त करने की कार्रवाई पूर्ण कर इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन एवं संबंधित उच्च अधिकारियों को भेजी जाए। आदेशों की पालना में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा देरी के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष स्वयं उत्तरदायी होंगे। डीसी ने कहा कि सभी विभाग मानव संसाधन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**इन्हें किया सेवा मुक्त**

उपायुक्त ने बताया कि सूची के अनुसार कार्यवाही में आए 23 अपात्र अभ्यर्थियों में विक्रांत पुत्र धन्ना राम, बलवान पुत्र रामफूल, नवीन पुत्र पुरुषोतम, रवि शंकर पुत्र फकीरचंद, परीक्षित पुत्र रामपाल, मंजू पुत्री रमेश, रोहित सिंह पुत्र रमेश चंद्र, पवन कुमार पुत्र जसवंत सिंह, नसीब कुमार पुत्र रणबीर सिंह, सचिन पुत्र भीम सिंह, मनीषा पुत्री राजेंद्र सिंह, मनप्रीत सिंह पुत्र चांद राम, कविता पुत्री कृष्ण कुमार, ज्योति पुत्री सुखबीर, कृष्ण कुमार पुत्र महाबीर, अंतिम पुत्री राजपाल, नरेश कुमार पुत्र धारे सिंह, प्रदीप पुत्र रामानंद, विकास पुत्र सतबीर सिंह, मनोज कुमार पुत्र बिजेंद्र, अभयपद पुत्र संजय कुमार, साहिल पुत्र रमेश तथा शुभम पुत्र रमेशदास शामिल हैं।



**भिवानी।** व्यापारियों से मुलाकात करते जन आंदोलन समिति पदाधिकारी।

## पानी, सीवर और बिजली की समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना आज से

**चरखी दादरी।** जन आंदोलन समिति द्वारा सोमवार को शहर के लाला लाजपत राय चौक का दौरा कर 21 जुलाई मंगलवार से शुरू होने वाले अनिश्चितकालीन धरने की तैयारियों का जायजा लिया गया। इसके बाद समिति के सदस्यों ने शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों से संपर्क कर उन्हें आंदोलन की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। जन आंदोलन समिति ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे लाला लाजपत राय चौक पर शहर में व्याप्त पीने के पानी, सीवर व्यवस्था और बिजली की गंभीर समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। समिति ने शहर के सभी नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर जन आंदोलन समिति के प्रधान नितिन जांघू ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि दादरी की जनता के अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता का आंदोलन है। व्यापार मंडल के प्रधान सुरेश पांडवानिया ने कहा कि शहर का प्रत्येक व्यापारी और आम नागरिक पीने के पानी तथा बिजली की समस्या से बेहद परेशान है। यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो यह जन आंदोलन और भी व्यापक रूप धारण करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# पेयजल की मांग को लेकर देवनगर के लोगों ने किया प्रदर्शन

- अवैध कनेक्शन हटाए जाने की मांग, अधीक्षण अभियंता बोले : जल्द होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देवनगर इलाके में पीने के पानी की समस्या को लेकर पार्षद सूर्या तंवर की अगुवाई में क्षेत्र के लोगों ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि बुस्टर से लाइन के अंतिम छोर तक अनेक अवैध कैनेक्शन होने की वजह से पानी नहीं पहुंच रहा है।

इन सभी अवैध कनेक्शनों को हटवा कर अंतिम छोर तक पूरा पानी पहुंचाया जाए। अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। पार्षद सूर्या तंवर की अगुवाई में क्षेत्र के अनेक लोग पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यालय पहुंचे। वहां पर अधीक्षण अभियंता को बताया कि बुस्टर से देवनगर के बीच में अनेक अवैध कनेक्शन है। जिस वजह से लाइन के अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच रहा है। जिस वक्त लाइन में पानी छोड़ा जाता है। उस वक्त एक तो पानी का प्रेशर कम होता है और दूसरा अवैध कनेक्शनों की वजह से पानी आखिर तक पहुंच नहीं पाता। जिससे अंतिम छोर पर पड़ने वाले घरों में पानी की समस्या बनी हुई है।



**भिवानी।** पानी की मांग को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

# पुलिस ने गुमशुदा बालक परिजनों का सौंपा



**चरखी दादरी।** जिला पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 12 वर्षीय गुमशुदा बालक आर्यन को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को वीटी कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि गांव अटेला निवासी नरेंद्र का 12 वर्षीय पुत्र आर्यन बिना बताए घर से कहीं चला गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित इकाइयों को अलर्ट किया और तलाश अभियान शुरू किया। बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम ने बस अड्डे और आसपास के क्षेत्रों में गहन खोजबीन की। लगातार निगरानी और संभावित स्थानों पर तलाश के दौरान पुलिस ने आर्यन को सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिवार ने जिला पुलिस और बस अड्डा चौकी पुलिस की तत्परता, संवेदनशील कार्यशैली और समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## नहर और माइनरों की सफाई जल्द पूरा करवाने की मांग

**बवानीखेड़ा।** अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले 27 जून से लगातार चल रहना धरना 24वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सज्जन कुमार ने की। पूर्व सरपंच जगदीश रतेरा ने बताया कि हमें कड़कती गर्मी में सड़क पर बैठे हुए तीन सप्ताह से ज्यादा दिन हो गए परन्तु शासन और प्रशासन की इतनी बड़ी लापरवाही है कि सुन्दर सब ब्रांच में पानी भी नहीं आया और माइनरों पर सफाई का कार्य नाम मात्र का शुरू किया गया है। 23 जुलाई को मौहला हैड से पानी छोड़े जाने की उम्मीद की जा रही है। धरने के माध्यम से हम मांग करते है कि सिंचाई विभाग सफाई का काम जल्द पुरा करवाए ताकि अंतिम छोर पर पानी पहुंच सके।

## खरीफ की फसलों में आई जान, किसानों के चहरे खिले

# हल्की बारिश से लुढ़का पारा,गर्मी से मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार शाम के वक्त हल्की बूंदाबांदी ने पारे का गुरुर तोड़ दिया। हालांकि तेज बारिश नहीं हुई,लेकिन हल्की बूंदाबांदी से पारा पांच डिग्री सेल्सियस नीचे लुढक गया। जिससे लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। दूसरी तरफ हल्की बूंदाबांदी से धान की रोपाई में तेजी नहीं आएगी,लेकिन अन्य खरीफ की फसलों की जान में जान आ गई। फिलहाल हलकी बूंदाबांदी के बाद भी किसानों के चेहरे पूरी तरह से खिले हुए है। सोमवार शाम के वक्त करीब तीन बजे आसमान में काले बादल एकत्रित हो गए। लोगों को लगा कि अन्य दिनों की तरह आज भी काली घटाए उपर से गुजर जाएंगी,लेकिन शाम करीब सवा तीन बजे अचानक पूर्वी हवा का एक झौंका आया और हलकी बूंदाबांदी गिरनी शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में आसमान में बिजली की गडगड़ाहट व बारिश ने तेजी पकड़ ली। उसके बाद करीब 15 मिनट तक आसमान से पानी बरसता रहा। कभी तेज तो कभी धीमी गति से पानी बरसा। बारिश आने से 40 डिग्री सेल्सियस पर बैठा पारा एकदम नीचे खिसकने लगा। शाम चार बजे के आसपास पारा 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लोगों को गर्मी से थोड़ी सी राहत मिली। क्योंकि पिछले एक सप्ताह से पारा 40 डिग्री सेल्सियस पर था। आज शाम के वक्त आई अचानक बारिश से पारा पांच डिग्री नीचे आ गया। जिससे लोगों को राहत मिली।



### पारा पांच डिग्री लुढ़का

सोमवार शाम को हल्की बारिश आई है। इससे फसलों में तो फायदा होगा ही साथ में विद्युत निगम को भी अच्छा खासा फायदा होगा। क्योंकि कई दिनों से बिजली की खपत दोगुनी तक पहुच गई थी। जिसके चलते बिजली के उपकरण ओवरलोड की वजह से हाफने लगे। उनको जलने से बचाने के लिए हर एक घंटे में बिजली की सप्लाई को बंद करना पड़ा था। आज हल्की बूंदाबांदी से पारा भी पांच डिग्री नीचे आ गया और बिजली की भी खपत कम हो गई। जिसके चलते विद्युत निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# लंबे इंतजार के बाद बरसे बदरा दादरी में 28 एमएम पानी गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

लंबे इंतजार के बाद सोमवार शाम को हुई झमाझम बारिश ने जिलेवासियों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। करीब एक घंटे तक हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। वहीं, शहर के कई हिस्सों में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले कई दिनों से उमस और तेज गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित था तथा बिजली की मांग बढ़ने से कई पावर सब स्टेशनों के ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे थे।

**शहर के कई हिस्सों में जलभराव से लोगों को आवागमन में हुई थोड़ी परेशानी**

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान चरखी दादरी में 28 एमएम, बाढडा में शून्य तथा बौंद खंड में 13 एमएम वर्षा दर्ज की गई। अच्छी बारिश से जिले में खरीफ फसलों को भी बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा था। सोमवार की वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची है, जिससे फसलों की बढ़वार में सुधार होगा। उप कृषि निदेशक डॉ. रविंद्र जाखड़ तथा वरिष्ठ कृषि विषय विशेषज्ञ चंद्रभान श्योराण ने बताया कि जिले के दादरी और बौंद खंड में मानसून की अच्छी बारिश हुई है। यह वर्षा धान की फसल के लिए अत्यंत लाभकारी रहेगी।





हर किसी की जिंदगी में कोई ना कोई ऐसी घटना घटित होती है या वह किसी ऐसे बुरे अनुभव से गुजरता है, उसका जीवन पर गहरा असर पड़ता है, बहुत ही दुखदायी, पीड़ाजनक। लेकिन इसका असर पूरी जिंदगी भर रहे, इंसान अकेला होकर जीवन जीने लगे, उदासी-निराशा से घिरा रहे, यह स्थिति स्वयं के लिए चिंताजनक है। किसी भी दर्द-तकलीफ को जीवन का अंतिम सत्य नहीं मान लेना चाहिए।

# किसी बुरे अनुभव का असर क्यों रहे जिंदगी भर

कवर स्टोरी

स्नेहा सिंह

जीवन में कभी-कभी कोई दर्दनाक घटना या बुरा अनुभव हमारे भीतर गहरे तक बैठ जाता है। यह बुरा अनुभव धोखा, असफल विवाह, विश्वासघात या किसी अपने का साथ छूट जाना हो सकता है। ये बातें केवल उस पल तक सीमित नहीं रहतीं, अकसर हमारे वर्तमान और भविष्य पर भी असर डालती हैं। हम भारी तनाव से घिर जाते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे लोगों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की होती है, जो अपने अतीत के कड़वे अनुभवों से बाहर नहीं निकल पाते।

## नई आशाएं बनाए रखें

सवाल यह है कि क्या एक बुरा अनुभव ताउम्र के लिए एक फैसला हो जाती है? बिल्कुल नहीं। सावधानी जरूरी है, लेकिन डर के कारण जीवन के सारे दरवाजे बंद कर देना समझदारी नहीं है। यदि कभी कोई रिश्ता टूट गया, विश्वास बिखर गया या जीवन में कोई कठिन मोड़ आया, तो इसका अर्थ यह नहीं कि आगे भी हर रास्ता ऐसा ही होगा। हर नया दिन नई आशाएं और संभावनाएं लेकर आता है। गहना का ही उदाहरण लें, उसकी अपने परिवार की पसंद से हार्दिक से अरेंज मैरिज हुई। हार्दिक पढ़ा-लिखा, सुलझा हुआ और उसे व्यवहार कुशल भी लगा। गहना ने बिना ज्यादा कुछ सोचे, रिश्ते के लिए हां कह दी। सगाई के कुछ ही महीनों बाद विवाह हो गया। लेकिन शादी के बाद हार्दिक का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। वह गहना की भावनाओं की कोई परवाह नहीं करता था। देर रात घर लौटता, गहना से बातचीत नहीं करता, उसके हाथ का बना खाना नहीं खाता और हर समय दूरी बनाए रखता। पूरे एक साल तक गहना ने यह सब सहा, लेकिन एक दिन उसकी सहनशक्ति जवाब दे गई। उसने अपनी मां को फोन करके सारी बातें बताईं और बोली, 'अगर आप मुझे यहां से नहीं ले जाएंगी तो मैं किसी दिन अपनी जान दे दूंगी।' माता-पिता ससुराल आकर उसे अपने साथ ले गए। अंततः गहना और हार्दिक का तलाक हो गया, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। मायके में भी उसे भाभी के तानों का सामना करना पड़ता। लगातार मानसिक पीड़ा से तंग आकर वह नौकरी खोजने के बहाने दूसरे शहर में शिफ्ट हो गई। वहां उसे बाहरी शांति तो मिली, लेकिन अकेलापन उसके साथ बना रहा। दोस्त उसे दोबारा जीवन शुरू करने और नया साथी चुनने की सलाह देते थे, लेकिन गहना अब किसी रिश्ते पर विश्वास करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी। वह अपने जीवन से हताश-निराश हो चुकी थी। लेकिन कुछ समय बाद उसने अपने आप को संभाला, वह अकेलेपन से बाहर आई। लोगों से नए रिश्ते बनाए, पुराने रिश्तों से भी जुड़ी। उसने एक अच्छी जॉब ही नहीं खोजी, एक अच्छा जीवन साथी भी खोजा। आज वह अपने पति के साथ सुखी वैवाहिक जीवन बीता रही है। उसका एक तीन साल का बेटा भी है।





## अकेलेपन से ऐसे बचें

किसी बुरे अनुभव से गुजरा व्यक्ति प्रायः हताश-निराश होकर लोगों से खुद को दूर करके अपने आपको अकेला कर लेता है, यह सही नहीं है। आप अपनों के बीच बनी रहें। अपनों का साथ हमें सुरक्षा, अपनापन और भावनात्मक संबल देता है। याद करें, जब आप युवावस्था में थीं, तब सखी-सहेलियों से सभी तरह की बातें साझा करते हुए कभी अपने आपको कमजोर महसूस नहीं करती थीं। सहेलियों की सलाह पर हर दर्द का सामना करती थीं, अकेलापन महसूस नहीं करती थीं। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, आप और आपकी सहेलियां अपने-अपने परिवार और जिम्मेदारियों में व्यस्त हो जाती हैं। आपकी बातें साझा करने वाला कोई नहीं रह जाता है, लेकिन आपके पास नए रिश्ते तो होते ही हैं, इनमें जो आपके करीब हैं, विश्वसनीय हैं, उनसे अपनी तकलीफें शेयर करें, इससे आप एक हल्कापन महसूस करेंगी।

## करिए नई शुरुआत

किसी बुरे अनुभव या हादसे से गुजरकर अपने आपको अकेलेपन में मत धकेलिए। कुछ समय तो अकेलेपन की इच्छा एक शांति, राहत दे सकती है, लेकिन यह इच्छा हमेशा नहीं बनी रहती। कुछ समय बाद मन किसी अपने की आवाज, किसी अपने का स्पर्श, किसी के साथ और अपनापन तलाशने लगता है। इंसान रिश्तों के बीच रहकर ही जीवंत रहता है, खुश रहता है। इसलिए आपको कोई दर्द मिला है तो उसे जीवन का अंतिम सत्य मत मानिए। अपने मन को समय दीजिए, स्वयं को संभालिए और जब लगे कि दिल फिर से भरपूर जिंदगी जीने को तैयार है, तब जीवन को एक और अवसर दीजिए। याद रखिए, किसी बुरे अनुभव का असर जिंदगी भर नहीं रहता। जीवन हर मोड़ पर नई उम्मीद लेकर आपका इंतजार करता है। बस जरूरत होती है, अपने भीतर के विश्वास को जगाने की, नई ऊर्जा के साथ अपनी जिंदगी जीने की।

### अकेलापन घेरता है कई बीमारियों से

**हमें कभी** भी लंबे समय तक अकेलेपन से नहीं घिरे रहना चाहिए। जीवन में कुछ समय तो एकांत अच्छा लगता है, लेकिन लंबे समय तक अकेले रहना व्यक्ति के स्वभाव और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए सही नहीं है। इस तरह की स्थितियों में धीरे-धीरे इंसान लोगों से दूर होने लगता है। उसके भीतर चिड़चिड़ापन, उदासी और निराशा घर करने लगती है। बाहर से तो सब सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर का खालीपन लगातार उसे कमजोर करता रहता है। मनोविज्ञान भी मानता है कि लंबे समय तक अकेलापन कई मानसिक समस्याओं को जन्म देता है। इसलिए यदि आपको कोई भावनात्मक चोट मिली है तो उससे सबक लीजिए और अपने सुखी जीवन के सारे दरवाजे हमेशा के लिए बंद मत कीजिए। हर व्यक्ति एक जैसा नहीं होता। हर रिश्ता भी पिछले रिश्ते जैसा नहीं होता। थोड़ा समय लीजिए, अपने आपको संभालिए और फिर से लोगों पर, अपने आप पर विश्वास कीजिए। अच्छे साथी बनाइए। कभी-कभी एक सच्चा साथी जीवन के पुराने घावों पर मरहम की तरह काम करता है।



# फिटनेस का नया साथी वियरेबल टेक्नोलॉजी

आज महिलाएं अपनी हेल्थ और फिटनेस को साइंटिफिक तरीके से समझना चाहती हैं। आइए, जानते हैं कि वियरेबल टेक्नोलॉजी किस प्रकार हेल्थ मैनेजमेंट को साइंटिफिक, ईजी और इफेक्टिव बनाती है?

फिटनेस गैजेट

मधु सिंह



अभी कुछ वर्षों पहले तक फिटनेस का मतलब केवल वजन कम करने या जिम जाने तक सीमित था, लेकिन आज महिलाएं अपनी संपूर्ण सेहत पर नजर रखती हैं, वियरेबल टेक्नोलॉजी के माध्यम से। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, बैंग्लुरु जैसे महानगरों में आज वर्किंग वूमेन और युवतियों के बीच वियरेबल टेक्नोलॉजी तेजी से पॉपुलर हुई है। स्मार्ट वॉच, फिटनेस बैंड, स्मार्ट रिंग, ये कुछ ऐसे उपकरण हैं, जो अब केवल फैशन एक्सेसरीज नहीं हैं, पर्सनल हेल्थ एडवाइजर का रूप ले चुके हैं।

**साइंटिफिक और बॉडी के अनुकूल:** वियरेबल टेक्नोलॉजी फिटनेस का ऐसा तरीका है, जो ज्यादा साइंटिफिक और शरीर के ज्यादा अनुकूल है। विशेषज्ञ मानते हैं कि पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण नीति के बिना कोई फिटनेस कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता। वियरेबल डिवाइस ये बताते हैं कि व्यक्ति कितनी देर नींद में रहा, कितनी बार नींद टूटी और कुल मिलाकर कितना आराम मिला? यदि लगातार नींद खराब हो रही है, तो समय रहते जीवनशैली में बदलाव किए जा सकते हैं।



**मूवमेंट और एक्टिविटीज की मॉनिटरिंग:** वियरेबल टेक्नोलॉजी शरीर के विभिन्न पहलुओं की लगातार निगरानी करती है और यूजर्स को उसकी लगातार जानकारी देती है। एक छोटी सी स्मार्ट वाच के जरिए हम यह जान जाते हैं कि सुबह घर से निकलने के बाद शाम को घर तक पहुंचने के पहले हम कितने कदम चल चुके होते हैं। दिनभर में हम कितनी कैलोरी खर्च कर चुके हैं। कितनी देर बैठे रहे या कितनी देर एक्टिव रहे, इस सबका हिसाब इस वियरेबल टेक्नोलॉजी के पास रहता है।

**पीरियड्स का रिकॉर्ड और सलाह:** वियरेबल टेक्नोलॉजी की बदौलत आज महिलाएं अपने पीरियड्स का रिकॉर्ड ही शुद्धता से नहीं रखतीं बल्कि वो इस चक्र के शुरू होने और उसके बीच और अंत तक के संकेतों की अच्छी तरह से रिव्यू करके इस कठिन समय को अपने अनुकूल ढालती हैं, क्योंकि वियरेबल टेक्नोलॉजी उन्हें बता देती है कि पीरियड्स कब शुरू हो रहे हैं, किस-किस तरह की परेशानी होगी, क्या करें कि परेशानी कम हो।

**मेंटल हेल्थ के प्रति करती है अवेयर:** महिलाओं पर काम, परिवार और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच मानसिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में नई पीढ़ी की स्मार्ट वॉच उनकी हृदय गति और अन्य संकेतों के आधार पर तनाव के स्तर का अनुमान लगाती है। कई डिवाइस तनाव बढ़ने पर गहरी सांस लेने या कुछ मिनटों तक आराम करने की सलाह देती है।

**हर तरह के वर्कआउट का एनालिसिस:** आज के स्मार्ट वॉच केवल चले गए कदम या आपकी दौड़ को ही नहीं मापती बल्कि योग, पिलेट्स, साइकिलिंग, तैराकी, नृत्य और हाई-इंटेंसिटी, इंटरवल ट्रेनिंग जैसे अनेक व्यायामों का अलग-अलग रिकॉर्ड रखती है, जिससे महिलाओं को यह समझने में आसानी होती है कि उनकी किस गतिविधि से वो अपनी कितनी कैलोरी बर्न कर रही हैं। इससे फिटनेस प्लान बनाने में आसानी होती है।

**करती है मोटिवेट भी:** अकसर लोग कुछ दिनों तक व्यायाम करने के बाद अपना उत्साह खो देते हैं। लेकिन वियरेबल डिवाइस लगातार आपको लक्ष्य पूरा होने पर बधाई देती है, बार-बार लक्ष्य पूरा करने को याद दिलाती है, लगातार रिपोर्ट देती है। यानी वह बिना रुके आपको अपनी फिटनेस मेंटेन रखने के लिए इंस्पायर करती रहती है।

---

साज-सज्जा

निकिता गुप्ता

बारिश के मौसम में उमस भरी गर्मी, अधिक नमी और सीलन के कारण अकसर घर में से बदबू आती रहती है। इसे दूर करने के लिए आप कुछ कारगर उपाय आजमा सकती हैं।

# बारिश के मौसम में भीना-भीना महकेगा घर

बारिश के मौसम में नमी बढ़ने की वजह से घर में से अकसर सीलन की बदबू आती रहती है। लगातार बारिश के कारण घर के कोनों, अलमारियों, पर्दों और फर्नीचर में नमी जमा हो सकती है, जिससे घर के भीतर असहज महसूस होने लगता है। ऐसे में घर को साफ, ताजा और खुशबूदार बनाए रखना जरूरी हो जाता है। कुछ आसान घरेलू उपायों की मदद से मानसून में भी घर को फ्रेश और महकता हुआ रखा जा सकता है।

**रखें पर्याप्त वेंटिलेशन:** मानसून में घर के अंदर ताजी हवा का आना बहुत जरूरी है। जब भी मौसम साफ हो, खिड़कियां और दरवाजे कुछ समय के लिए खोल दें ताकि घर में हवा का प्रवाह बना रहे। इससे नमी कम होती है और बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया और फंफूदी पनपने की संभावना घट जाती है।

**नियमित करें सफाई:** फर्श, फर्नीचर और घर के कोनों की नियमित सफाई करें। गीले कपड़े से सफाई करने के बाद जगह को अच्छी तरह सूखने दें।

**पर्दों-कुशन कवर की सफाई:** बारिश के मौसम में कपड़े नमी को जल्दी सोख लेते हैं, जिससे उनमें सीलन की गंध आने लगती है। इसलिए पर्दों, कुशन कवर और बेडशीट्स को समय-समय पर धोती रहें।

**नेचुरल फ्रेशनर:** अलमारी और स्टोरेज एरिया में अकसर सीलन की गंध जमा हो जाती है। इसके लिए छोटे कपड़े की पोटली में लौंग, दालचीनी या सूखे फूल रखे जा सकते हैं।

**इनडोर प्लांट्स:** कुछ इनडोर प्लांट्स, घर की हवा को ताजा और खुशबूदार रखने में मदद कर सकते हैं। मनी प्लांट, स्नेक प्लांट और पीस लिली जैसे पौधे घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ वातावरण को भी बेहतर बनाते हैं।



**सुगंधित मोमबत्तियां:** सुगंधित मोमबत्तियां भी घर को खुशबूदार बनाने का आसान और सबसे प्रभावी तरीका हैं। शाम के समय कुछ देर के लिए हल्की खुशबू वाली मोमबत्तियां जलाई जा सकती हैं। इससे घर में खुशबूदार माहौल बनता है।

**एसेंशियल ऑयल्स:** लैवेंडर, लेमनग्रास, पुदीना या ऑरेंज जैसे एसेंशियल ऑयल्स मानसून में घर को खुशबूदार बनाने का अच्छा विकल्प हो सकते हैं। इन्हें डिफ्यूजर में डालकर इस्तेमाल किया जा सकता है। इनकी हल्की और प्राकृतिक खुशबू घर के माहौल को महक से भर देती है।



**नमी को नियंत्रित रखें:** मानसून में केवल खुशबू फैलाना ही काफी नहीं है, बल्कि नमी को नियंत्रित रखना भी जरूरी है। यदि संभव हो तो डीह्यूमिडिफायर या नमी सोखने वाले उत्पादों का उपयोग किया जा सकता है। इससे घर लंबे समय तक फ्रेश बना रहता है।

**नीबू-बेकिंग सोडा:** घर की बदबू दूर करने के लिए नीबू और बेकिंग सोडा काफी प्रभावी माने जाते हैं। एक कटोरी में बेकिंग सोडा कमरे के किसी कोने में रखें। यह हवा में मौजूद गंध को सोखने में मदद करता है। एक बाउल में नीबू को काटकर रख सकती हैं। नीबू की ताजगी भरी खुशबू घर के वातावरण को फ्रेश महसूस कराती है।

अंत में कहा जा सकता है कि मानसून में थोड़ी-सी अतिरिक्त देखभाल से घर को साफ, खुशबूदार और ताजगी भरा रखा जा सकता है। नियमित सफाई, प्राकृतिक खुशबू और उचित वेंटिलेशन जैसे छोटे-छोटे उपाय घर के माहौल को पूरी तरह बदल सकते हैं। इससे न केवल घर सुंदर लगता है, बल्कि परिवार के सभी सदस्य भी अधिक आरामदायक और सकारात्मक महसूस करते हैं।

**(होम केयर एक्सपर्ट मिशाल गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

---


सजेशन

श्रुति आयंगर

# मानसून में फ्रेश फीलिंग के लिए परफेक्ट हैं ये परफ्यूम फ्रेगरेंस

बारिश के मौसम में बढ़ी हुई ह्यूमिडिटी, उमस और पसीने की वजह से परफ्यूम की खुशबू जल्दी फीकी पड़ सकती है। ऐसे में सही फ्रेगरेंस चुनना जरूरी हो जाता है। अगर आप चाहती हैं कि इस सीजन में भी दिनभर आप फ्रेश, कॉन्फिडेंट और महकती रहें, तो हल्की, रिफ्रेशिंग और लंबे समय तक टिकने वाली खुशबू को अपनी परफ्यूम कलेक्शन में शामिल करें। सही फ्रेगरेंस न सिर्फ पूरे दिन ताजगी का एहसास बनाए रखती है, बल्कि आपके स्टाइल और पर्सनालिटी को भी एक खास पहचान देती है। आइए जानते हैं ऐसी फ्रेगरेंस के बारे में, जो मानसून के दौरान भी आपके लुक को और इंप्रेसिव बना सकती है।

**व्हाइट मस्क फ्रेगरेंस:** अगर आपको हल्की लेकिन लंबे समय तक टिकने वाली खुशबू पसंद है, तो व्हाइट मस्क फ्रेगरेंस आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इसकी सॉफ्ट, क्लीन और एलिगेंट महक मानसून की उमस में भी पूरे दिन फ्रेशनेस बनाए रखती है। यही वजह है कि यह ऑफिस, कॉलेज जाने वाली ही नहीं डेली यूज के लिए भी महिलाओं की पसंदीदा फ्रेगरेंस में शामिल है।



**एक्वा फ्रेगरेंस:** मानसून के दौरान यूज किए जाने वाले परफ्यूम्स में एक्वा फ्रेगरेंस भी सबसे पसंदीदा चॉइस में से एक मानी जाती है। इसकी खुशबू समुद्री हवा और बारिश की फुहारों जैसी ताजगी का एहसास कराती है। अगर आपका दिन भाग-दौड़ भरा रहता है, तो यह फ्रेगरेंस आपको लंबे समय तक फ्रेश और एनर्जेटिक महसूस कराने में मदद करेगी।

**सिट्रस फ्रेगरेंस:** नीबू, संतरा, बर्गामोट और ग्रेपफ्रूट जैसे सिट्रस नोट्स वाली फ्रेगरेंस, मानसून के लिए बेहतरीन मानी जाती है। इनकी हल्की और रिफ्रेशिंग खुशबू दिनभर आपको तरोताजा महसूस कराती है और आपकी एनर्जी बनाए रखने में मदद करती है। यह डेली वियर के लिए भी एक अच्छा विकल्प है।

**ग्रीन टी फ्रेगरेंस:** अगर आपको बहुत तेज खुशबू पसंद नहीं है, तो ग्रीन टी फ्रेगरेंस जरूर ट्राई करें। इसकी नेचुरल, हल्की और सुकून देने वाली महक मानसून के मौसम के लिए एकदम उपयुक्त मानी जाती है। यह पूरे दिन फ्रेश फील कराने के साथ-साथ मन को भी तरोताजा रखती है।

**जैस्मिन फ्रेगरेंस:** फ्लोरल खुशबू पसंद करने वाली महिलाओं के लिए जैस्मिन फ्रेगरेंस एक एवरग्रीन चॉइस है। इसकी भीनी-भीनी महक हर मौके पर आपकी पर्सनालिटी में एलिगेंट टच जोड़ती है। चाहे ऑफिस हो, आउटिंग हो या कोई खास अवसर, यह फ्रेगरेंस आपको अलग पहचान देती है।

---

सीजनल हेल्थ

नम्रता उपाध्याय

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

बारिश के मौसम में कुछ लोग अकसर डल फील करते हैं। इसके साथ ही थकान, मूड स्विंग्स, अकेलापन भी महसूस होता है। ये लक्षण मानसून ब्लूज के हो सकते हैं। इसके क्या कारण हैं और इससे बचने के क्या उपाय हैं, जानिए।

# अकसर फील करती हैं डलनेस-थकान कहीं आप मानसून ब्लूज का शिकार तो नहीं!

बारिश के मौसम में रिमझिम फुहारें जहां तन को ठंडक पहुंचाती हैं, वहीं कई बार मन की उदासी का कारण भी बनने लगती हैं। मानसून के दौरान कई लोगों को उदासी और बेवजह डलनेस, थकान का अनुभव होता रहता है। बायोमेड सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार क्लाइमेट चेंजेज का हमारे मूड पर गहरा प्रभाव देखने का मिलता है। इससे अधिकतर लोगों को स्ट्रेस और एंग्जाइटी का सामना करना पड़ता है और वे दिनभर परेशान और उदास रहते हैं।

## मानसून ब्लूज का असर

इस मौसम के चलते कई लोगों को मानसिक तौर पर कई प्रकार के बदलावों का सामना करना पड़ता है, जिसका असर उनकी वर्क प्रोडक्टिविटी और ओवरऑल हेल्थ पर भी नजर आने लगता है। बारिश के दिनों में सन एक्सपोजर की कमी के चलते शरीर में विटामिन डी की मात्रा घट जाती है और शरीर में मूड बूस्टर न्यूरोट्रांसमीटर प्रभावित होने लगता है, जिसका असर इटिंग हैबिट्स, नींद और डाइजेशन के साथ ही हमारे कंसंट्रेशन पर भी नजर आने लगता है, जिससे गुस्सा और चिड़चिड़ापन भी बढ़ जाता है। इस समस्या को मानसून ब्लूज कहा जाता है।



## मूड खराब होने के कारण

बारिश के मौसम में मानसून ब्लूज का शिकार होने की कई वजहें हैं।

**सूरज की कम रोशनी:** इन दिनों सूरज की रोशनी हमें कम मिल पाती है, जिसके कारण बॉडी में विटामिन डी की कमी हो जाती है। इससे थकावट, कमजोरी और चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है।

**बचाव के उपाय:** मानसून के दौरान हमें कम धूप मिलने से शरीर में 'सेरोटोनिन' (खुशी देने वाला हार्मोन) का स्तर भी कम हो जाता है। इसके उलट 'मेलाटोनिन' (नींद लाने वाला हार्मोन) का स्तर बढ़ सकता है, जिससे मूड स्विंग्स और सुस्ती होती है। इससे बचने के लिए अंधेरे में बैठने से बचें। दिन के समय घर के खिड़की-दरवाजे खुले रखें, ताकि घर में पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी आए। रोशनी के लिए इनडोर लाइट्स की मदद लें और खाली वक्त में किताबें पढ़ें या कोई भी पसंदीदा एक्टिविटीज को करें।

**फिजिकली एक्टिव न होना:** बारिश के दिनों में आउटडोर वर्कआउट की कमी से स्ट्रेस का सामना करना पड़ता है, जिसके चलते शरीर में कार्टिसोल का स्तर बढ़ने लगता है, जिससे नींद नहीं आती है।

**बचाव के उपाय:** मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने के लिए रोजाना भरपूर नींद लें। ऐसा करने से मन को शांति और सुकून की प्राप्ति होती है। इससे शरीर एक्टिव रहता है और आलस से मुक्ति मिलती है। साथ ही बारिश के मौसम में अगर बाहर या जिम जाना संभव नहीं, तो घर पर ही हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करें। सुबह स्ट्रेचिंग और ब्रीदिंग एक्सरसाइज से मेंटल हेल्थ को मजबूत बनाएं।



**डाइट में करें बदलाव:** बारिश के दिनों में अकसर लोग फ्राइड फूड्स खाने लगते है, जिससे शरीर में पोषण की कमी बढ़ जाती है और एंप्टी कैलोरीज इनटेक बढ़ने लगता है। इस वजह से इनडाइजेशन और मूड स्विंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बाहर से जंक फूड खाने के बजाय मूड बूस्ट करने वाली ताजी सब्जियों और फलों का सेवन करें, घर का ताजा खाना खाएं।

प्रस्तुति: ललिता गोयल

## खबर संक्षेप



### बैठक में संगठन के कार्यक्रमों पर की चर्चा

**तोशाम।** बापौडा मंडल के गांव हेतमपुरा व लोहानी शक्ति केंद्र भाजपा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिला महामंत्री रेखा राघव, मंडल प्रभारी सुनील शास्त्री, जिला कार्यकारिणी सदस्य इमरान बापौडा ने बतौर अतिथि शिरकत की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डिजिटल प्रशिक्षण एवं मन की बात कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उनकी प्रभावी क्रियान्वयन रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

### लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाएं: डीडीपीओ

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) सोमवीर कादयान ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली, पेयजल, सीवरेज सहित जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

## पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने समाधान शिविर में उठाई मांग


# कंडम घोषित पशु अस्पताल की छह एकड़ जमीन पर कन्या स्कूल

### चौधरी देवीलाल चौक ऑटो मार्केट के पास खंडहर हो चुकी पशु अस्पताल का भवन: मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी देवीलाल चौक ऑटो मार्केट दादरी रोड व लोहारू रोड के बीच स्थित लगभग छह एकड़ सरकारी जमीन पर खंडहर एवं कंडम घोषित पशु अस्पताल की जगह लड़कियों का बारहवीं कक्षा तक का स्कूल बनाने की मांग मुखर हो गई है। पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने इस संबंध में उपायुक्त को समाधान शिविर के माध्यम से मांगपत्र सौंपकर प्रशासन और हरियाणा सरकार से जनहित में तुरंत कदम उठाने की अपील की है। जानकारी अनुसार छह एकड़ भूमि को वर्ष 1975 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल ने पशु अस्पताल, झोटा फार्म और हैचरी फार्म के रूप में विकसित किया था। यह परिसर क्षेत्र के विकास और पशुपालन के लिए बड़ा केंद्र था, लेकिन पिछले 10 वर्षों से ये पूरी इमारत जर्जर स्थिति में थी और वर्ष 2016 में लोकनिर्माण विभाग ने इसे आधिकारिक रूप से कंडम घोषित कर दिया था। इसके बाद उक्त पशु अस्पताल को हांसी रोड पुलिस लाइन के सामने पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज और जिला जेल के बीच रेलवे ओवरब्रिज के पास शिफ्ट कर दिया था। अस्पताल शिफ्ट होने के बाद से देवीलाल चौक स्थित ये छह एकड़ जमीन प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है और वर्तमान में यहां लगभग एक दर्जन खंडहर इमारतें, जो अनुपयोगी होने के साथ-साथ शहर की सुंदरता पर भी ग्रहण लगा रही हैं।





भिवानी। ऑटो मार्केट के पास खंडहर पशु पालन विभाग का भवन, जहां बालिका स्कूल बनाने की मांग रखी गई तथा समाधान शिविर में शिकायत देते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान। फोटो : हरिभूमि

■ 2016 में लोकनिर्माण विभाग ने इसे आधिकारिक रूप से कंडम घोषित कर दिया था

#### छात्राओं को सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी

मान ने सुझाव दिया कि वर्तमान में पशु अस्पताल का जो भी थोड़ा बहुत कार्य वहां चल रहा है, उसके लिए रोड पर बची हुई महज आधा एकड़ जमीन ही पर्याप्त है, जहां उसे आसानी से शिफ्ट या व्यवस्थित किया जा सकता है। बाकी बची हुई पूरी साढ़े पांच या छह एकड़ जमीन को तुरंत शिक्षा विभाग के नाम स्थानांतरित कर वहां स्कूल भवन बनाने की अप्रूवल ली जाए। उन्होंने कहा कि शहर के बीचों-बीच स्थित खंडहर परिसर की जगह स्कूल बनता है तो इससे न केवल भिवानी शहर की ऑटो मार्केट में सुंदरता के चार चांद लग जाएंगे, बल्कि सैंकड़ों छात्राओं को अपने घर के पास ही सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

#### स्कूल बनने से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा सार्थक होगा

शिविर में शिकायत सौंपते हुए पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने कहा कि लाइन पार क्षेत्र की दर्जनों कॉलोनियों और आसपास के गांवों जैसे बापोड़ा, दिनोद, देवसर, हालुवास आदि की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर जाना पड़ता है, इस छह एकड़ जमीन पर बने खंडहरों को हटाकर अगर सरकार शिक्षा विभाग को ट्रांसफर कर दें और यहां बारहवीं तक का शानदार बालिका विद्यालय बनाया जा सकता है। स्कूल बनने से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी और सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा भी सही मायनों में सार्थक हो सकेगा।

## न्यूज डायरी

### 20 वर्षों से लटकी वार्ड 14 ढाणी निवासियों की मांग पूरी होने पर जताया आभार



**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले ढाणी सांवरमल के वार्ड 14 के गंदे पानी का समाधान पिछले 20 वर्षों से तकनीकी कमी के कारण अटका हुआ था इस नाले के लिए ढाणी निवासियों ने बहुत बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया किंतु तकनीकी कमी के कारण यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ था। इस नाले के निर्माण के लिए नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री बहुत प्रयासरत रहे। उनके सानिध्य में एजेंसी के माध्यम से गंदे पानी की निकासी का काम शुरू कराया गया जिससे पूरी कॉलोनी में गंदगी जमा ना हो। नाले का निर्माण शुरू होते ही आज समस्त ढाणी वार्ड 14-15 निवासियों ने चेयरमैन सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग, एम ई पंकज कुमार वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार एवं नगर पालिका के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अजीत कुमार, गजानंद कौशिक, पवन भारद्वाज, विजयपाल तंवर, मुकेश जांगड़ा, कुलदीप शर्मा सहित अनेक ढाणी निवासियों ने नगर पालिका बवानी खेड़ा का आभार जताया।



### नपा अध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, समय पर पूरा करने के निर्देश

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, एम.ई. पंकज गर्ग, नपा अभियंता सुनील कुमार एवं पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार, प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से वार्ड नं. 14, 15 एवं 16 में चल रहे गली निर्माण तथा नए नालों के निर्माण कार्यों का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सावरमल ढ़ाणी में हनुमान मंदिर से तोशाम रोड तथा हनुमान ढाणी में बड़ा गौरवा से वाया हनुमान मंदिर होते हुए रमेश किरयाना स्टोर तक दोनों ओर बनाए जा रहे नालों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। सुंदर अत्री ने बताया कि इन नालों के निर्माण से वर्षों से चली आ रही जलभराव एवं पानी निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा।



### संगठन के विभिन्न कार्यों में आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग पर बल दिया

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा मंडल शक्ति केंद्र प्रमुख (1 एवं 2) की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा उन्हें प्रभावी एवं सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि वर्तमान समय में संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीक का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए संगठन के विभिन्न कार्यों में आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग पर बल दिया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, मार्केटिंग कमेटी चेयरमैन राजेंद्र हंस, विनीत तंवर, जगदम्बा मेहता, रामगोपाल सैनी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा, तरवीण हंस, राजेश मास्टर, बाली ठेकेदार, मैनपाल वाल्मीकि, अनिल तंवर, बबलू राठी, पूर्व पार्षद अजय वाल्मीकि, संजय वर्मा सहित अनेक सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सेठ हनुमान प्रसाद गुप्ता बने इनेलो व्यापार सैल के प्रदेश अध्यक्ष, किया स्वागत

**भिवानी।** राजनीति में व्यापारिक वर्ग को अपने पाले में करने के लिए राजनीतिक दलों ने अपनी गोटियां बिछानी शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में इंडियन नेशनल लोकदल ने एक बड़ा संगठनात्मक कदम उठाते हुए भिवानी के वरिष्ठ नेता सेठ हनुमान प्रसाद गुप्ता को व्यापार सैल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने के बाद क्षेत्र के राजनीतिक समीकरणों में बड़े बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए सेठ हनुमान प्रसाद गुप्ता ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुझ पर भरोसा जताने और इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं पार्टी सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा तथा जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु का आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही मैं पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डा. वासुदेव का भी विशेष धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने सदैव मेरा मार्गदर्शन किया है। इस मौके पर इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने कहा कि सेठ हनुमान प्रसाद गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पूरे प्रदेश का व्यापारी वर्ग मजबूती के साथ इनेलो के साथ जुड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर हनुमान प्रसाद गुप्ता का फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई बांटकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सुनील लांबा, डा. मनजीत ढुल, अनिल पंघाल, कृष्ण मिताथल, शारदा मिश्रा, इंदु परमार, पूर्ण जांगड़ा, जगराम साहब, कृष्ण, रण सिंह श्योराण, श्यामलाल, सूरजभान, दिलबाग, सुनील स्वामी, राय सिंह, राजेश पुनिया सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### विधायक ने महम गेट से फैंसी चौक तक झाड़ू लगा कर दिया स्वच्छता का संदेश

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए स्वच्छता बनाए रखने के आह्वान पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने नगर परिषद के साथ महम गेट से फैंसी चौक तक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि एवं पार्षद भवानी प्रताप और नगर परिषद के ईओ राजाराम भी शामिल हुए। स्वच्छता अभियान के दौरान विधायक श्री सर्राफ ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक श्री सर्राफ ने फैंसी चौक को युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के नाम से करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि फैंसी चौक को अब स्वामी विवेकानंद के नाम से भी जाना जाएगा। विधायक श्री सर्राफ ने सफाई अभियान के दौरान कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना हमारे ही हाथ में है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, नगर पार्षद हर्षदीप डूडेजा, संजय कुमार, प्रवीण चावला, विजय काठपालिया, डॉ. सुखविंदर, आनंद सिंह, विजय सिंहमार, रामू जेवडीवाला, कृष्ण नंबरदार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### महिला आयोग हर समय महिलाओं के साथ खड़ा है: मीना परमार

**भिवानी।** हरियाणा महिला आयोग की नव नियुक्त उपाध्यक्ष मीना परमार के सम्मान में शहर की बंसी पाना की चौपाल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती परमार को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि महिला आयोग हर समय महिलाओं के साथ खड़ा है। महिलाओं को किसी भी प्रकार से चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। महिलाएं निडर होकर अपना कार्य करें। यदि कार्यक्षेत्र, घर-परिवार किसी भी जगह पर महिलाओं के साथ अन्याय या शोषण होता है तो महिलाएं आयोग में अपनी शिकायत दे सकती हैं, आयोग उन पर कड़ा संज्ञान लेगा। इस अवसर पर अंकित तंवर, नगर परिषद की वाइस चेयरपर्सन रेनू तंवर, संजय तंवर, महावीर वालिया, हरकेश जांगड़ा, नेपाल तंवर, आशू भाटी, कुलदीप वालिया, महेश कुमार और शमशेर तंवर मोहित, नरसी, अमित एडवोकेट, पंकज कामरा, दिनेश तंवर, धर्मेंद्र, गौरव तंवर के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल रहे।



### एआईकेकेएमएस ने लाठीचार्ज की दमनकारी नीति की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सोमवार को जंतर-मंतर पर युवाओं पर लाठीचार्ज करने, उनकी आवाज को दबाने की जनतंत्र विरोधी कारवाई का ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने सख्त विरोध किया है। संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी का कहना था कि घोषित संसद मार्च के लिए युवाओं ने पार्लियामेन्ट स्ट्रीट की ओर कूच ठीक से शुरू भी ही नहीं किया था कि भाजपा सरकार ने प्रदर्शन को रोकने के लिए इस काले कारनामे को अंजाम देने के लिए पुलिस को इस्तेमाल किया। संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रमुख किसान संगठन एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने मीडिया को एक वक्तव्य जारी कर देश के होनहार युवाओं को रोजगार देने में विफल और उनके भविष्य से खुलेआम खिलवाड़ करने वाली सरकार की दमनकारी कारवाई की कड़ी निन्दा की है। उनका कहना था की सरकार ने जन्तर मन्तर तक पहुंचने वाले सभी रास्तों और मेट्रो स्टेशनों को बंद कर दिया। संयुक्त किसान मोर्चा सात जुलाई को पहले ही युवाओं के पक्ष में अपना समर्थन दे चुका है। ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन के नेताओं ने देशभर के लोगों से इसका सख्त प्रतिवाद करने की पुरजोर अपील की है।

### शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करने की निंदा की

**बाढ़ड़ा।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) की जिला कमेटी चरखी दादरी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों, युवाओं और नौजवानों पर पुलिस द्वारा किए कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे जाने की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीटू जिला संयोजक राजकुमार घिकाड़ा एवं जिला सहसंयोजक कमलेश भैरवी ने बताया कि वे जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना होने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके घरों की घेराबंदी कर उन्हें बाहर जाने से रोक दिया और बाद में दोनों नेताओं को छोड़ दिया। सीटू जिला सहसंयोजक सुमेर सिंह, भूपसिंह नाधा, रोशनलाल, सुरेश व संजय ने संयुक्त बयान में बताया कि अपनी लोकतांत्रिक मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बल प्रयोग करना पूरी तरह अलोकतांत्रिक और दमनकारी कदम है, संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार देता है।

### धर्म के मार्ग पर चलने से होता जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार : शशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बर्तन बाजार स्थित प्राचीन श्रीश्याम मंदिर में चल रही श्रीमद्देवी महाभागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा पंडाल माता रानी के भजनों एवं जयकारों से गूंज उठा। भिवानी और आसपास के इलाकों से पहुंचे भक्तों ने देवी महापुराण की अमर कथा का रसपान कर पुण्य कमाया और पूरा माहौल पूर्णतः भक्तिमय हो गया। इस आध्यात्मिक समागम के छठे दिवस के विश्राम पर आयोजन समिति और समस्त भक्तों की ओर से एक विशेष सम्मान समारोह का भी आयोजन किया। पंडित बृजमोहन कौशिक, कथा प्रबंधक राजेश सौपर्णा व प्रबुद्ध भक्तों ने संयुक्त रूप से कथा व्यास योगेंद्र शशि भूषण भारद्वाज को शॉल भेंटकर अभिनंदन किया।



भिवानी। कथा व्यास शशि भूषण का अभिनंदन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

आयोजकों ने कथा के माध्यम से समाज में धर्म, अध्यात्म और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के लिए उनके प्रयासों की खुलकर सराहना की। कथा व्यास योगेंद्र शशि भूषण भारद्वाज ने देवी भागवत के विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत सुंदर व मर्मस्पर्शी वर्णन करते हुए भक्तों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मां भगवती की सच्ची आराधना और शरणागति से मनुष्य के जीवन के सभी बड़े से बड़े कष्ट और संताप दूर हो जाते हैं, जब हम धर्म के मार्ग पर चलते हैं, तो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज के समय में समाज को अध्यात्म से जोडन्ना और नैतिक मूल्यों को संजोना बेहद जरूरी है। भवानी के जयकारों ने पूरे बर्तन बाजार क्षेत्र को अध्यात्म के रंग में सराबोर कर दिया।

### मांगों को लेकर आंगनबाडी कर्मियों ने बनाई आन्दोलन की योजना

**भिवानी।** बकाया मांगों को लेकर आंगनबाडी कर्मियों ने बनाई आन्दोलन की योजना। 10 अगस्त को केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर जेल भरों आन्दोलन में और 20 अगस्त से शुरू करेगे बाल विकास मंत्री श्रृति चौधरी के आवास पर रोष प्रदर्शन। यह निर्णय आज सीटू कार्यालय भिवानी में हुई आंगनबाडी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन हरियाणा(सीटू) की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजबाला निनान व संचालन जिला सचिव राजबाला शर्मा ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए आंगनबाडी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन हरियाणा राज्य सचिव बिजनेश राणा ने भाजपा सरकार की आंगनबाडी कर्मीयों की लगातार अनदेखी कर रही हैं। भाजपा सरकार बेटी बचाओं बेटी पढाओं का झुठा नारा दे रही है। आंगनबाडी कर्मीयों को ना ही तो पक्का किया जा रहा और ना ही 26000 रूपयें न्यूनतम वेतन लागू किया जा रहा हैं। 2018 में मोदी सरकार द्वारा घोषित 1500 व 750 रूपयें की वेतन बढौतरी को आज तक लागू नही किया गया हैं। 2023 में हड़ताल के दौरान की वेतन कटौती, आंगनबाडी केन्द्रों का बकाया किराया, राशन व बकाया वेतन को लम्बे समय से जारी नही किया।



### पंचायत, प्रशासन और व्यापारियों की सयुंक्त मुहीम हो रही है कारगर सिद्ध

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार के कुशल मार्ग दर्शन में उपमंडल अभियंता पीडब्लूडी विजेंद्र सिंह और पंचायत जनप्रतिनिधियों तथा सिवानी रोड़ के व्यापारियों की बीडीपीओ ब्लॉक में बैठक आयोजित की गई। पंचायत, प्रशासन और व्यापारियों की सयुंक्त बैठक में सामूहिक फैसला हुआ कि अस्पताल और बैंक अपने बिजली के जनरेटर, दुकानदार स्वयं दुकानों के सामने रखा सामान हटाएंगे। वहीं रोड़ पर लाल व पीली ट्रेफ़िक पट्टी बनाई जाएगी। जहां पर वाहन खड़े नहीं करेंगे। कस्बे को जाम मुक्त और हरा भरा बनाने में व्यापारियों की यह मुहीम कारगर सिद्ध हो रही है। सुरेंद्र सिंह चौक से सिवानी रोड़ को व्यापारी स्वयं जाम मुक्त और हरा भरा बनाएंगे। वहीं कस्बे को हरा भरा और जाम मुक्त बनाने में हर नागरिक को भागीदार बनाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। बैठक में दुकानदारों, रेहड़ी संचालको सहित तमाम व्यापारियों, जन प्रतिनिधियों की भागीदारी के लिए सुझाव सांझे किए गए। सामूहिक फैसला लिया की रोड़ से सामान खुद हटाकर, प्रशासन के सहयोग से लगाए जाने वाले पौधे को गोद लेकर व्यापारी उसका रख रखाव करेंगे, रोड़ को साफ और जाम मुक्त बनाएंगे। इस रोड़ को हरा भरा, जाम मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए आम जनता भागीदार बननें का आह्वान करते हुए सभी की भागीदारी से ही कस्बा क्लीन, ग्रीन और जाम मुक्त बनेगा। व्यापारियों ने नैतिक जिम्मेदारी लेकर शहर को साफ सुथरा रखने में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। बैठक में हंसराज, शुभम शर्मा, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, मिलन कुमार, राजबीर पंच, मुनीश कुमार, सुभाष, राधे श्याम, आनंद, रणबीर सिंह सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगता** | वैश्य महाविद्यालय में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन

### योग प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया

# आयु वर्ग 8 से 10 में पुरुष वर्ग में परीक्षित व महिलाओं में पूजा प्रथम

■ आयुवर्ग 45 से ऊपर पुरुष वर्ग में हरिओम व महिलाओं में पूनम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य महाविद्यालय के योग क्लब एवं योग क्रिया समिति के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज सेमिनार हॉल में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। योग प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. संजय गोयल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में नेतृत्व अनुशासन की भावना जागृत करती हैं। हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय जीवन शैली है, जो शरीर, मन एवं आत्मा के बीच संतुलन बनाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. रजनी चौहान, वैश्य महाविद्यालय से नरेंद्र कुमार, सीबीएलयू के योग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, योग क्लब की कन्वीनर डॉ. रीना ने महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन मीना परमार को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार जताया।




भिवानी। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में योग प्रदर्शनी करते प्रतिभागी।

#### 10 से 12 आयु वर्ग में दक्ष प्रथम

प्रतियोगिता में 8 से 10 वर्ष आयुवर्ग पुरुष वर्ग में परीक्षित ने प्रथम, जियांशु व मिलन वर्मा ने संयुक्त रूप से द्वितीय एवं विमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयुवर्ग 8 से 10 महिला वर्ग में पूजा ने प्रथम, हर्षित ने द्वितीय व नव्यता व तिक्षया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान जीता। 10 से 12 आयु वर्ग पुरुष में दक्ष गोयल ने प्रथम, नितिन ने द्वितीय व जतिन ने तृतीय, 10 से 12 महिलाओं में साक्षी ने प्रथम, मानसी ने द्वितीय व निधि ने तृतीय स्थान जीता। 12 से 14 आयु में पुरुष में रक्षित ने प्रथम, प्रवीण ने द्वितीय व आर्यन ने तृतीय, महिला वर्ग में ईशान ने प्रथम, तनीषा व प्रतीत ने द्वितीय व निकिता व मनवी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पाया। 14 से 16 पुरुष में प्रियांशु ने प्रथम, दक्षिण ने द्वितीय व यश गोयल ने तृतीय, महिला वर्ग में मानवी ने प्रथम, रक्षित ने द्वितीय व यशिका रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 16 से 18 पुरुष वर्ग में जतिन, रोनित तथा जतिन व संदीप तथा महिला वर्ग मे इशिका, विधि व आंचल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान जीता। 18 से 21 पुरुष वर्ग में पारस ने प्रथम, महिलाओं में सकीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुवर्ग 21 से 25 पुरुष वर्ग में अंकित व महिला वर्ग में प्रियंका ने प्रथम स्थान जीता। वहीं द्वितीय स्थान नेहा एवं दीक्षा व अंशु ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### संगठन विस्तार को लेकर लिया फीडबैक

**तोशाम।** भारतीय जनता पार्टी ईशरवाल मंडल के हसान, रोढा शक्ति केन्द्र की बैठक गांव रोढा में शक्तिकेन्द्र प्रमुख व महामंत्री शीशराम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा युवा नेता व मंडल पालक मोहित चौधरी ने शिरकत की। इस दौरान मोहित चौधरी द्वारा संगठन विस्तार, डीएलपी और एसआईआर आदि मुद्दों को लेकर फीडबैक लिया।

**ग्राम पंचायत ढाणी-दरियापुर**
खण्ड तोशाम (जिला भिवानी) हरियाणा

**NOTICE FOR AUCTION OF OLD BC CHOPAL BUILDING**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढाणी दरियापुर की बीसी चौपाल की कण्डम बिल्डिंग की नीलामी दिनांक 24 जुलाई 2026 को प्रातः 11:30 बजे आम चौक पर लगाई जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

Sd/- Mr. Sumit Kumar, Gram Sachiv
Sd/- सरपंच Satbir Singh, Ph.-9991815418

## खबर संक्षेप

### छात्रों पर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र की हत्याः आनंद

**चरखी दादरी।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रांतीय सचिव आनन्द सिंह श्योराण ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में दिल्ली के जंतर मंतर से संसद तक पूरे देश से आए हुए छात्र, उनके अभिभावक, मौजिज व्यक्ति शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन युवाओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने का आदेश भाजपा सरकार के चाल व चरित्र को दिखाने के लिए काफी है। श्योराण ने कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करके कुछ लोगों को हजारों करोड़ का मुनाफा पहुंचाया जा रहा है। दिल्ली की घटना बेहद शर्मनाक, निंदनीय और असंवैधानिक है। लाठीचार्ज करके सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है।

### कांग्रेस पार्टी हर छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी

**चरखी दादरी।** जिला कांग्रेस कमेटी दादरी के अध्यक्ष सुशील ने जंतर-मंतर पर पेपर लीक, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को अकेला समझने की भूल न करे। देश का युवा अपने अधिकारों और भविष्य की लड़ाई लड़ रहा है, और कांग्रेस पार्टी हर परिस्थिति में छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि लाठी और दमन के बल पर युवाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। छात्रों की न्यायपूर्ण मांगों को सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग करना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

### डीसी ने जन शिकायतें के समाधान के निर्देश दिए

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निवारण का सशक्त माध्यम है। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का समाधान उपलब्ध करवाना है। इसलिए संबंधित अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें तथा उसका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान उपरांत पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करे।

### लघु सचिवालय के सामने धरना देकर पुलिस की कार्रवाई की निंदा

# छात्र आंदोलन के समर्थन में कई संगठनों ने उपवास रख जताया रोष

**जनसंगठनों ने केंद्रीय शिक्षामंत्री की बर्खास्तगी व छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। लघु सचिवालय के बाहर एक दिवसीय धरना व उपवास के दौरान विरोध जताते माकपा व जनसंगठनों के कार्यकर्ता।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, किसान सभा, सीटू, जनवादी महिला समिति, जनसंघर्ष समिति व दलित अधिकार मंच के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जंतर मंतर पर चल रहे छात्र आन्दोलन के समर्थन में लघु सचिवालय परिसर के सामने एक दिवसीय धरना प्रातः 10 बजे से 4 बजे उपवास रखकर धरना दिया और केंद्र व राज्य सरकार के तानाशाही रवैये के विरोध में नारे लगाए। धरने में प्रस्ताव पास कर दिल्ली पुलिस द्वारा जंतर मन्तर पर शांतिपूर्ण आन्दोलनकारी छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज के लिए केन्द्र सरकार की कड़ी निंदा की तथा पुलिस बल द्वारा आन्दोलन को दबाने की बचकाना हरकत करार दिया है।

एक दिवसीय धरना व उपवास की संयुक्त अध्यक्षता विभिन्न संगठनों की ओर से मास्टर जगरोशन, रामफल देशवाल, कामरेड अनिल, सुखदेव पालुवास, सन्तोष देशवाल, सज्जन कुमार सिंगला, स्नेहलता व नरेश शर्मा ने की। धरने को सम्बोधित करते हुए माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि छात्रों के आन्दोलन का नेतृत्व करने वाले पर्यावरण व गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की केंद्र सरकार

> दिल्ली में जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज को बताया लोकतंत्र विरोधी कदम

**22 लाख से अधिक बच्चों के भविष्य पर संकट**

नीट यूजी परीक्षा पेपर का लीक होना बहुत ही निंदनीय घटना है, जिससे 22 लाख से अधिक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है, जिनमें सैकड़ों विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। इसके लिए केन्द्र सरकार कोई जिम्मेवारी लेने को तैयार नहीं है और जिम्मेदार केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री को हटाने को तैयार नहीं है। उल्टे जायज मांग करने वालों को ही एकत्रित नहीं होने दे रही है और पुलिस बल के माध्यम से जायज मांगों को दबाने की कोशिश की जा रही है। धरने को आंगनवाड़ी वर्कर नेता बिजेश राणा, करतार देवाल, रतन कुमार जिंदल, राममेहर सिंह, अशोक कुमार, छात्र अंकुश, कृष्णा सिवाच, सरोज, सुनीता कुंगड़, उपासना सिंह, कर्ण सिंह जैनावास, सुबेदार धनपत सिंह, राजेश कुंगड़, महेन्द्र प्रजापत, महेन्द्र तंवर, महेंद्र मिताथल, मैनेजर निहाल सिंह, प्रताप सिंह सिंहमार, रामकिशन, मामनराम, ओमप्रकाश जेई, बलवान दरोगा, ओमप्रकाश दलाल, राजेद्र प्रजापत, दलबीर चैहड़ व मीरसिंह ओबरा आदि ने संबोधित किया।

छात्रों की मांगें मानने की बजाय जबरदस्ती अनशन तुड़वाना अलोकतान्त्रिक है। उन्होंने एनटीए को भंग करने, केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त करने तथा सभी परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करवाने की मांग की।

### नई अनाज मंडी में जिला स्तरीय समारोह, सौंपी जिम्मेदारियां

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

> साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां समय पर पूरी करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


चरखीदादरी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं उपायुक्त मनदीप कौर।

उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से लगभग एक माह पहले तैयारियों को लेकर बैठक करने का मकसद केवल बेहतरीन आयोजन है। सभी विभागों के पास पर्याप्त समय है। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रम व परेड से सभी तैयारियां और विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्य बेहतरीन हों। उपायुक्त सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रही थी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नई अनाज मंडी परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल एवं गरिमामय आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह के आयोजन को लेकर काफी समय है। ऐसे में सभी विभाग उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को बेहतरीन तरीके से पूरा कर लें। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है। इसलिए, आजादी के इस पर्व को खुशी के साथ मनाना चाहिए। इसलिए, सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पर्व से जुड़े कार्यों को पूर्ण कर लें, इसके आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अतिथियों के स्वागत सहित सभी व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें।

**लोगों को करें आमंत्रित**

उपायुक्त ने कहा कि आजादी के इस पर्व के शुभ अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित किया जाए। समारोह में अधिक संख्या में लोगों के आने से प्रशासन के साथ-साथ प्रतिभागी बच्चों का मनोबल भी बढ़ता है। प्रतिभागी बच्चे ड्रेस में ही समारोह में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे और संबंधित अधिकारी समारोह स्थल पर अवश्य रहना सुनिश्चित करें ताकि जो कमियां रह गई हैं, उनको समय रहते पूरा किया जा सके। इस दौरान एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नए पोर्टल की खामियों को लेकर पटवार-कानूनगो एसो. ने मांगा समय

**भिवानी।** दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने नए पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए भू अभिलेख निदेशक से मिलने के इस सप्ताह में समय मांगा है। राज्य प्रधान जयवीर चहल ने बताया कि राजस्व विभाग में जमाबंदी एवं इंतकाल के लिए जारी किए नए पोर्टल पर बहुत सारी तकनीकी दिक्कतें सामने आ रहीं है, जिसकी वजह से आए दिन तहसीलों में आमजन और कर्मचारियों के बीच झगड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लैंड रिकार्ड मैनुअल में बिना संशोधन किए पोर्टल चालू कर दिया। तहसीलों में काम ऑनलाइन काम करने के लिए कम्प्यूटर और प्रिंटर भी उपलब्ध नहीं हैं। एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान विकास राठी ने बताया 18 जुलाई को जीन्द में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में फैसला लिया था कि जब तक पोर्टल सुचारू रूप से कार्य नहीं करता और तहसीलों में पटवारी और कानूनगो को ऑनलाइन काम करने के लिए कम्प्यूटर और प्रिंटर नहीं मिल जाते तब तक पूरे हरियाणा में अस्थायी तौर पर नए पोर्टल पर काम नहीं किया जाएगा। राज्य महासचिव सन्नी दहिया ने भी प्रेस को जारी ब्यान में इस फैसले का हवाला दिया।

# नीट में 641 अंक लेकर एंजलीना बनीं जिले की टॉपर

- डाइट बिरही कलां के प्रवक्ता की बेटी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिले की होनहार छात्रा एंजलीना, पुत्री राजेश कुमार (प्रवक्ता, इतिहास, डाइट बिरही कलां) ने नीट-यूजी परीक्षा में 641 अंक प्राप्त कर जिला चरखी दादरी में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेन्द्र चौधरी सहित डाइट बिरही कलां परिवार ने राजेश कुमार और उनकी पुत्री एंजलीना को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि एंजलीना की सफलता पूरे जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एंजलीना अपने परिश्रम और प्रतिभा के बल पर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर जिले और प्रदेश का नाम और अधिक गौरवान्वित करेगी। एंजलीना ने अपनी सफलता का श्रेय सबसे पहले अपनी दादी अम्मा को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी दादी का अनुशासित, परिश्रमी और कर्तव्यनिष्ठ जीवन उनके लिए निरंतर प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता, परिवार, शिक्षकों तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एमसीएच अस्पताल को मिली 15.34 लाख की अत्याधुनिक ओटी टेबल

- इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक टेबल से सर्जरी होगी आसान, डॉक्टरों को मिलेगा बेहतर सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


चरखीदादरी। एमसीएच यूनिट के ऑपरेशन थियेटर में रखी नई टेबल।

दादरी के मातृ-शिशु अस्पताल (एमसीएच यूनिट) में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। विभाग के मुख्यालय की ओर से अस्पताल को 15.34 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक ऑपरेशन थिएटर (ओटी) टेबल उपलब्ध कराई गई है। इस आधुनिक उपकरण के स्थापित होने से ऑपरेशन की प्रक्रिया अधिक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी होगी। साथ ही डॉक्टरों को सर्जरी के दौरान बेहतर तकनीकी सहयोग मिलेगा, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। अस्पताल में लंबे समय से मैन्युअल ओटी टेबल का उपयोग किया जा रहा था। इस व्यवस्था में जटिल ऑपरेशन के दौरान मरीज की स्थिति बदलने में डॉक्टरों और स्टाफ को अतिरिक्त समय और शारीरिक मेहनत करनी पड़ती थी। कई बार गंभीर मरीजों के उपचार के दौरान यह चुनौती और बढ़ जाती थी। डिप्टी सीएमओ डॉ. राहुल अरोड़ा ने बताया कि यह इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक ओटी टेबल एमसीएच यूनिट के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में भी लोगों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## स्वस्थ जीवनशैली का संदेश लेकर निकली आरोग्य मंदिर थीम पर साइकिल रैली

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानहेरू की ओर से रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर थीम पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितु फोगाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम पीएचसी मानहेरू में डॉ. रघुबीर शांडिल्य के आदेशानुसार तथा डॉ. कुलवंत डाबला और डॉ. रितु के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं और अन्य प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से मिलने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. रितु फोगाट ने कहा कि नियमित साइकिल चलाना शरीर को स्वस्थ रखने का सरल और प्रभावी तरीका है। इस अवसर पर डॉ. कपिल यादव, कर्म सिंह, हरि, गीता, एएनएम सुमन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


भिवानी। साइकिल रैली में शामिल स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता।

### राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मनाया हैंडवॉश डे

**बाढ़ड़ा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला कारीदास में हैंडवॉश डे मनाया। स्कूल इंचार्ज अनिल कुमार की अगुवाई में बच्चों को हाथों को सही तरीके से धोने के तरीके के बारे में बताया। मास्टर सुंदरपाल फौगाट ने बताया कि स्कूल में छोटे बच्चों को नियमित रूप से साबुन से हाथ धोना सिखाना बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे डायरिया, जुकाम और त्वचा के संक्रमण जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम होती है। उन्होंने कहा कि बच्चे अक्सर अपने गंदे हाथों को मुंह या आंखों में ले जाते हैं, जिससे कीटाणु आसानी से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। हाथ धोने से ये खतरा काफी कम हो जाता है। वहीं छोटे बच्चों के लिए हैंड वॉश का बहुत अधिक महत्व है, क्योंकि उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बड़ों जितनी मजबूत नहीं होती। नियमित रूप से हैंड वॉश करने से उनके हाथों में लगे कीटाणु, बैक्टिरिया और वायरस साफ हो जाते हैं, जिससे उन्हें डायरिया, सर्दी-जुकाम और पेट के कीड़ों जैसी गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। स

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008


# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लें मोदी सरकारः जितेंद्र

- सरकार ने प्रदर्शन कारियों पर लाठीचार्ज करवाकर दमनकारी नीतियों का परिचय दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


जितेन्द्र भोलू।

नीट पेपर लीक को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिप्रिय तरीके से आंदोलन कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों व विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज तथा भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को जबरदस्ती धरना स्थल से उठाकर अस्पताल में भर्ती करने, सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके, आइसा के विद्यार्थियों के साथ अभद्रता करने की कड़े शब्दों में निंदा की, उक्त विचार छात्र संघर्ष समिति के सदस्य पूर्व छात्र नेता जितेन्द्र भोलू ने व्यक्त किए। भोलू ने उक्त घटनाक्रम को छात्र हितों के साथ खिलवाड़ एवं अन्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करवाकर अपनी दमनकारी नीतियों का परिचय दिया है, जिससे पूरे देश की जनता में रोष है। उन्होंने सरकार से मांग की कि नीट का पेपर कैसे लीक हुआ, इसकी जांच की जाए तथा केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया जाए।


बाढ़ड़ा। एसडीएम आशीष सांगवान को ज्ञापन देते सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी।

## अनाजमंडी में धरना देकर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

**बाढ़ड़ा।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को बाढ़ड़ा की अनाजमंडी में भारतीय किसान मजदूर संगठन, खाप पंचायतों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने धरना शुरू किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारत के राष्ट्रपति के नाम बाढ़ड़ा के एसडीएम आशीष सांगवान के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। श्योराण खाप के अध्यक्ष बिजेंद्र बेरला ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो।

## विधायक सुनील सांगवान ने कैंप कार्यालय में सुनी जनसमस्याएं, समाधान के निर्देश

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने सोमवार को कैंप कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान हलके के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बात कर समस्याओं के जल्द और स्थायी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार दादरी विधानसभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।


चरखीदादरी। लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुनील सांगवान।

### दिल्ली जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलनों को दिया समर्थन

# किसानों ने फूंका सरकार का पुतला, आंदोलन की दी चेतावनी

*पॉवर ग्रिड बनाम किसान संघर्ष समिति का धरना जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम


तोशाम। केंद्र सरकार का पुतला फूंकते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

पॉवर ग्रिड बनाम किसान संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी अधिग्रहित जमीनों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर तोशाम एसडीएम कार्यालय के बाहर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 35वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी किसानों का गुस्सा उस समय और भड़क गया, जब उन्होंने सरकार की तानाशाही कार्यप्रणाली के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते केंद्र सरकार का पुतला फूंककर अपना कड़ा रोष जताया। विरोध प्रदर्शन व धरने की अध्यक्षता रोहतास सैनी ने की, जबकि मंच संचालन राममेहर बागनवाला ने किया। धरने को संबोधित करते हुए ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के जिला महासचिव जंगबीर अलखपुरा ने सरकार और कॉरपोरेट तंत्र पर करारा हमला बोला।

**जमीनों के नाममात्र मुआवजा मिले**

पावर ग्रिड कंपनियां वर्षों से किसानों की कीमती जमीनों पर बिजली के टावर और लाइनें बिछाकर अरबों रुपये का मुनाफा कमा रही हैं। वहीं, जमीनों से हाथ धो बैठे पीड़ित किसान को एक बार नाममात्र मुआवजा देकर टरका दिया जाता है। अब आलम ये है कि कंपनी और स्थानीय प्रशासन उस एक बार मिलने वाले उचित मुआवजे में भी तरह-तरह की आना-कानी कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसान अब किसी बहकावे में आने वाले नहीं हैं, जब तक पीड़ित किसानों को उनकी जमीन का उचित और बाजार दर के अनुसार मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। किसी भी सूरत में पावर ग्रिड कंपनी को काम सुचारू रूप से नहीं करने दिया जाएगा। धरने के दौरान किसानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत विद्यार्थियों व युवाओं का भी पुरजोर समर्थन किया। इस अवसर पर कर्णसिंह यादव, राजबीर दुहन, दयाचंद, ईश्वर बागनवाला, धर्मपाल, जयबीरसिंह, सुरेश, कृष्ण, साहिल नेहरा, रामबीर सिंह, करमसिंह, जयसिंह बुमरा, बलवान, सतबीर व बलवान आदि मौजूद रहे।

## कितलाना टोल पर किसानों की हुंकार, 30 को भिवानी में प्रदर्शन

**भिवानी।** कितलाना टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियु) की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भाकियु (टिकैत) जिलाध्यक्ष राकेश आर्य नीमड़ीवाली ने की। बैठक में भिवानी और चरखी दादरी जिले से आए टावर प्रभावित किसानों और भाकियू पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम और बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के तानाशाही रवैये को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला। किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रशासन की वादा खिलाफी और बिजली लाइनों के निर्माण में किसानों के अधिकारों के हनन के विरोध में 30 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रदेश स्तरीय रोष प्रदर्शन किया जाएगा।